चित्र भारती फिल्म समारोह 2022

नियम एवं शर्तें :

- चित्र भारती फिल्म समारोह 2022 में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को पहले भारतीय चित्र साधना की वेबसाइट https://chitrabharati.org/ पर जा कर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा और निर्धरित पंजीयन शुल्क का भुगतान करना होगा।
- **पंजीयन शुल्क**:
  कैंपस फिल्मों के लिए - रु 100 / - (एक सौ मात्र)
  अन्य सभी श्रेणियों के लिए - रु 500 / - (पांच सौ मात्र)
- फिल्मों को केवल गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से ही जमा कराना होगा। हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं हैं | यदि गूगल ड्राइव पर लिंक भेजना संभव नहीं हो पा रहा है तो फिर फिल्म को पेन ड्राइव या डीवीडी के माध्यम से भेजा जा सकता है |
- प्रविष्टियों के साथ निम्न सामग्री भी जमा कराना अनिवार्य है.
  - भेजने वाले का पूरा पता, मोबाइल नंबर तथा इ मेल |
  - फिल्म का सारांश - जो 300 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
  - निर्देशक का बायो डाटा |
  - कर्मी दल (क्रू मेंबर) की सूची) / कलाकारों की सूची |
  - निर्माता या कॉलेज के अधिकारियों या कानूनी अधिकार धारकों का सहभागिता पत्र |
  - फिल्म के व्यक्तिगत सहभागी, तकनीशियन या अभिनेता भी चाहें तो फिल्म निर्माता अथवा कानूनी धारक के सहमति पत्र के साथ अपनी फिल्मों को जमा कर सकते हैं
  - अन्य समारोहों में प्राप्त किये गए पुरस्कार अथवा फिल्म के प्रदर्शन या रिलीज़ का विवरण (यदि कोई हो तो) |
  - फिल्म पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्री |

- प्रतियोगिता खण्ड के लिए फिल्म का चयन हो जाने पर फिल्म की एक प्रति ब्लू-रे / पेन-ड्राइव / अथवा डीसीपी पर मंगवाई जा सकती है |

- प्रतियोगिता खंड में चयनित फिल्मों को 15 जनवरी 2022 तक अधिसूचित कर दिया जाएगा।
- विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, फिल्म या मीडिया संस्थानों के छात्र कैम्पस फिल्म श्रेणी में फिल्में जमा कर सकते हैं। हालांकि, वे अपनी पसंद की किसी अन्य श्रेणी में अपनी फिल्मों को प्रस्तुत करने के लिए भी स्वतंत्र हैं, उस अवस्था में उन्हें 500/- रुपये पंजीयन शुल्क देना होगा ।
- फिल्म एक मूल रचना होनी चाहिए और पहले बनाई गयी किसी अन्य फिल्म की नकल नहीं होनी चाहिए ।
- फिल्म को नीचे दिए गए दस विषयों में से किसी एक पर केंद्रित होना चाहिए।
- फिल्मों को या तो हिंदी या फिर अंग्रेजी में होना चाहिए, इसके अलावा किसी भी अन्य भाषा की फिल्म में अंग्रेजी सब टाइटल होना आवश्यक है | मूक (साइलेंट) फिल्में भी प्रतियोगिता में भेजी जा सकती है |
- फिल्म का निर्माण 1 जनवरी, 2020 से 30 नवम्बर 2021 के बीच होना चाहिए
- फिल्म का निर्माण भारत में होना चाहिए और निर्माता / निर्देशक भारतीय मूल के होना चाहिए।
- निर्माता / निदेशक या फिल्म के कानूनी आईपीआर धारक को फिल्म भेजने के साथ संलग्न घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है। यदि प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत की गई घोषणा वास्तविकता से गलत साबित हुई , तो चित्र भारती फिल्म समारोह को उक्त प्रविष्टि को अस्वीकार करने तथा अंतिम परिणाम / घोषणाओं के बाद भी फिल्म का चयन रद्द करने का अधिकार रहेगा ।
- निर्णायक मंडल के निर्णय अंतिम होंगे और इसे चुनौती नहीं दी जा सकेगी।
- भारतीय चित्र साधना को फिल्म या फिल्म का कोई हिस्सा किसी भी तरह से अपने प्रचार के लिए अथवा भारत या विदेश में किसी भी जगह पर प्रदर्शन हेतु उपयोग करने का अधिकार होगा।

फिल्म की श्रेणियां एवं अवधि

लघु फिल्म	अधिकतम ३० मिनिट
डॉक्यूमेंटरी फिल्म	अधिकतम ४५ मिनिट
एनीमेशन फिल्म	अधिकतम ५ मिनिट
कैंपस फिल्म्स की श्रेणियां (अ) फिल्म स्कूल, पेशेवर विद्यार्थी (ब) गैर पेशेवर विद्यार्थी	अधिकतम २० मिनिट (केवल लघु फिल्मों को ही इस श्रेणी के अंतर्गत अनुमति है)

विषय वस्तु

1. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष
2. स्वाधीन भारत के 75 वर्ष
3. अन-लॉकडॉउन
4. वोकल फॉर लोकल
5. गांव खुशहाल-देश खुशहाल
6. भारतीय संस्कृति एवं मूल्य
7. इनोवेशन- रचनात्मक कार्य
8. परिवार
9. पर्यावरण एवं उर्जा
10. शिक्षा व कौशल विकास

पुरस्कार

लघु फ़िल्में	1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (प्रथम) - एक लाख रुपये 2. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - इक्यावन हज़ार रुपये 3. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - इक्यावन हज़ार रुपये

	4. सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - इक्यावन हज़ार रुपये 5. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (द्वितीय) - पचास हज़ार रुपये 6. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तृतीय) - पच्चीस हज़ार रुपये
डाक्यूमेंट्री फ़िल्में	1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (प्रथम) - एक लाख रुपये 2. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (द्वितीय) - पचास हज़ार रुपये 3. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तृतीय) - पच्चीस हज़ार रुपये
एनीमेशन फ़िल्में	1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (प्रथम) - पचास हज़ार रुपये 2. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (द्वितीय) - पच्चीस हज़ार रुपये 3. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तृतीय) - पंद्रह हज़ार रुपये
कैंपस फ़िल्में (श्रेणी - अ) फिल्म स्कूल तथा पेशेवर विद्यार्थी	1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (प्रथम) - पचास हज़ार रुपये 2. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (द्वितीय) - पच्चीस हज़ार रुपये 3. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तृतीय) - पंद्रह हज़ार रुपये 4. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पंद्रह हज़ार रुपये 5. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - पंद्रह हज़ार रुपये 6. सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - पंद्रह हज़ार रुपये
कैंपस फ़िल्में (श्रेणी - ब) गैर पेशेवर विद्यार्थी	1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (प्रथम) - पचास हज़ार रुपये 2. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (द्वितीय) - पच्चीस हज़ार रुपये 3. सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तृतीय) - पंद्रह हज़ार रुपये 4. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पंद्रह हज़ार रुपये 5. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - पंद्रह हज़ार रुपये

	6. सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - पंद्रह हज़ार रुपये

विशेष सूचना :

१. सभी नकद पुरस्कारों के साथ ट्रॉफी और प्रमाणपत्र भी दिए जायेंगे |

२. जूरी की अनुशंसा पर ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के रूप में अतिरिक्त विशेष पुरस्कार दिए जा सकते हैं |